प्रेरणा
फिर से प्रयास करने से
कभी मत घबराना,
क्योंकि इस बार शुरुआत
शून्य से नहीं अनुभव से होगी।

सच कहने की ताकत
साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो
कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-5 • 03 NOVEMBER TO 09 NOVEMBER 2023 • VOLUME 15 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE CONSULTING DESIGN TRAINING
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges & *Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara. *T&C apply

# ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए केजरीवाल, बताया व्यस्त

## नोटिस को राजनीति से प्रेरित बताया, पत्र लिखकर समन वापिस लेने को कहा



**नई दिल्ली.** दिल्ली की शराब नीति में कथित घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सीएम केजरीवाल को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन केजरीवाल ईडी के सामने पेश नहीं हुए। ईडी के समन वाले दिन दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने एजेंसी को पत्र लिखकर कहा कि आम आदमी पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक और स्टार प्रचारक होने के नाते उन्हें चुनाव प्रचार के लिए यात्रा करनी पड़ती है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में मेरे पास शासन और आधिकारिक प्रतिबद्धताएं हैं जिनके लिए मेरी उपस्थिति आवश्यक है, खासकर दिवाली के मद्देनजर। उन्होंने ईडी से समन वापस लेने की मांग की है। इसके साथ ही समन को राजनीति से प्रेरित नोटिस बताया।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दो टूक जवाब के बाद अब ईडी के अगले कदम को लेकर अनुमान लगाए जा रहे हैं। ये भी कहा जा रहा है कि ईडी की तरफ से जलद दूसरा समन जारी किया जा सकता है। लेकिन इसी के साथ गिरफ्तारी को लेकर भी चर्चाओं का बाजार गर्म है। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री अगर ईडी के सामने पेश होते हैं तो ईडी अपनी ताकत का इस्तेमाल कर सकती है।

## दिल्ली-पंजाब एक्साइज पॉलिसी को लेकर सिद्धू ने 'आप' को घेरा



**पटियाला.** कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने पंजाब और दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार की शराब नीति को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने पटियाला में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी को घेरा। सिद्धू ने एक्साइज नीति को चोरी और सीनाजोरी का नाम दिया। उन्होंने कहा कि ये बड़ी चोरी है और अपने आप को सही ठहराने के लिए अब सीनाजोरी हो रही है।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी ने कहा था कि हम स्कूल, कॉलेज, धार्मिक स्थानों के सामने शराब के ठेके खोलने के आदेश नहीं देंगे। लेकिन जब ये शराब पॉलिसी दिल्ली में ढाई-तीन महीने रही, इसके बाद इस पॉलिसी को वापिस लेना पड़ा। इससे साफ हो जाता है कि दाल में कुछ काला है। अगर ये पॉलिसी जनहित और लोकहित में थी तो विड्रो क्यों की गई? नवजोत सिद्धू ने आगे कहा कि पॉलिसी पंजाब में लागू हुई लेकिन वो आज तक वापिस नहीं हुई। उन्होंने कहा कि ये 30-40 हजार करोड़ का मामला है।

नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर कॉर्पोरेशन बनाने की बात कहीं गई थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सीएम मान शराब के ठेकेदारों के दबाब में आ गए हैं। सिद्धू ने अन्य राज्यों को उदाहरण देते हुए कहा कि तमिलनाडू एक साल में 44098 करोड़ रुपये, तेलंगाना 31 हजार करोड़ रुपये, केरल 16 हजार करोड़ रुपये और कर्नाटक 29920 करोड़ रुपये कमाते हैं।

सिद्धू ने कहा कि पंजाब साढ़े 4 हजार करोड़ रुपये कमाता है। अगर पंजाब सरकार कॉर्पोरेशन बनाकर शराब की बिक्री करें तो इससे सरकार का राजस्व भी बढ़ सकता है और प्रदेश का कर्ज भी उतर जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार हर साल 3500 करोड़ रुपये शराब के ठेकों के लाइसेंस की जुटा रही है, लेकिन उसका कोई हिसाब नहीं है।

# राजस्थान में ईडी के दो अधिकारी गिरफ्तार

### 17 लाख की रिश्वत मांगने का आरोप

**जयपुर.** राजस्थान में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दो अधिकारियों को कथित तौर पर रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इन्हें नीमराणा में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने रंगे हाथों पकड़ा था। जयपुर एंटी करप्शन ब्यूरो ने प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी नवल किशोर मीना और उनके सहयोगी बाबूलाल मीना को 13 लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। राजस्थान एसीबी ने कहा कि ईडी के दो अधिकारियों को पैसे लेते हुए पकड़ा गया। ब्यूरो ने कहा कि नवल किशोर ने चिटफंड मामले में शिकायतकर्ता के खिलाफ मणिपुर की राजधानी इंफाल में ईडी कार्यालय में दर्ज एक मामले को निपटाने के बदले कथित तौर पर 17 लाख रुपये की मांग की थी और कहा कि वह इंफाल में ईडी के उप-जोनल कार्यालय में तैनात है।

इस सिलसिले में उनके आवास और अन्य ठिकानों पर अभी भी तलाश जारी है। बयान में कहा गया है कि शिकायतकर्ता ने ब्यूरो को सूचित किया था कि इंफाल में ईडी के कार्यालय में उसके खिलाफ दर्ज मामले को निपटाने के लिए नवल किशोर द्वारा कथित तौर पर 17 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की गई थी। ब्यूरो ने कहा कि शिकायत का सत्यापन करने के बाद उसकी टीम ने उन्हें कथित तौर पर 15 लाख रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सूत्रों ने कहा कि एजेंसी अधिकारी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का आपराधिक मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू करेगी। ईडी ने विदेशी मुद्रा नियमों के कथित उल्लंघन के मामले में 30 अक्टूबर को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव से नौ घंटे तक पूछताछ की थी। 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से ठीक एक महीने पहले ईडी की कार्रवाई को गहलोत सरकार ने राजनीतिक प्रतिशोध बताया था।

### लालजीत भुल्लर ने पंचायती ज़मीनों से कब्जे छुड़वाने की दी सख़्त हिदायतें

# लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर होगी सख्ती

## समूह डिवीज़नल डायरैक्टरों व डीडीपीओज़ को 15 दिनों के अंदर प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश

**• जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



पंजाब के ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री स. लालजीत सिंह भुल्लर ने आज विभाग के समूह फील्ड अधिकारियों को सख़्त हिदायत की कि पंचायती ज़मीनों से कब्ज़े छुड़वाने की मुहिम तेज़ की जाए। पंजाब सिवल सचिवालय स्थित अपने दफ़्तर में विभाग के समूह डिवीजनल डायरैक्टरों और डी.डी.पी.ओज़ के साथ ज़रूरी मीटिंग करते हुए स. लालजीत सिंह भुल्लर ने निर्देश दिए कि फील्ड अधिकारी 15 दिनों के अंदर अपनी-अपनी प्रगति रिपोर्ट पेश करेंगे।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि विभाग द्वारा अब तक 11,859 एकड़ पंचायती ज़मीन से कब्ज़ा छुड़वाया जा चुका है और राज्य भर में 6657 एकड़ पंचायती ज़मीन ऐसी है जिसके कब्ज़ा वारंट तैयार हैं परन्तु फील्ड अधिकारियों द्वारा इस सम्बन्धित कार्यवाही अभी अमल में नहीं लाई गई। उन्होंने सख़्त लहज़े में कहा कि ज़िला अधिकारी पैंडिंग कब्ज़ा वारंटों पर तुरंत कार्यवाही करें।

ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री ने अधिकारियों से कब्ज़े अधीन पंचायती ज़मीनों के ब्लॉकवार विवरण लिए। उन्होंने कहा कि पी.पी. एक्ट की धारा-7 के अधीन 6926 एकड़ पंचायती ज़मीन के मामले डीडीपीओज़ के पास पैंडिंग हैं जबकि धारा-11 के अधीन 20734 एकड़ के कब्ज़े सम्बन्धी मामले विभाग के डिवीज़नल डायरैक्टरों और अतिरिक्त डिप्टी कमीशनरों के पास पड़े हैं। इसके इलावा 42381 एकड़ क्षेत्रफल ऐसा है जिस सम्बन्धी अभी तक सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा पी.पी. एक्ट की धारा-7 के अधीन केस ही दर्ज नहीं किया गया। मंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों को इन मामलों की तेज़ी के साथ सुनवाई करके निपटारा करने और बाकी मामलों में कार्यवाही करने की हिदायत की।

# एआईजी मालविन्दर सिंह सिद्धू व दो साथियों के ख़िलाफ़ केस दर्ज

**• जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने मानवाधिकार सेल, पंजाब पुलिस के सहायक इंस्पेक्टर जनरल (एआईजी) मालविन्दर सिंह सिद्धू समेत आस्था होम, गिलको वैली, एसएएस नगर के निवासी और ख़ाद्य, सिविल सप्लाई और उपभोक्ता मामले विभाग के ड्राइवर कुलदीप सिंह समेत पटियाला जिले के गाँव आलमपुर के रहने वाले बलबीर सिंह को अपने पद का दुरुपयोग, सरकारी मुलाजिमों से धोखाधड़ी, ब्लैकमेलिंग, जबरन वसूली और रिश्वत लेने के दोष अधीन मामला दर्ज किया गया है। प्रवक्ता ने आगे कहा कि मालविन्दर सिंह सिद्धू ने अपने आप को विजीलैंस ब्यूरो का एआईजी/ आईजी बताते हुये बलबीर सिंह के साथ मिलीभुगत करके अनुसूचित जाति और स्वतंत्रता सेनानियों के विभागों में कई व्यक्तियों का रिकार्ड हासिल किया, जिसके साथ बाद उनके विरुद्ध शिकायतें दर्ज करवा के उनको ब्लैकमेल करना और फिर इन शिकायतों को वापस लेने के बदले रिश्वत लेते रहे। उन्होंने कहा इस जांच की कठिन तफ्तीश के दौरान संभावना है कि इनके और साथी भी इस केस में फंस सकते हैं।

### सरकार को 25 करोड़ रुपए का चूना लगाने वाला काबू

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो द्वारा आज जाली फर्मों के जाली बिलों के द्वारा सरकार को करीब 25 करोड़ रुपए के जी. एस. टी का वित्तीय नुकसान पहुँचाने के दोषी सेमी धीमान को गिरफ़्तार किया गया है जो पाँच साल से अपनी गिरफ़्तारी से डरता हुआ फ़रार था। विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंधी मुकदमा नंबर 106 तारीख़ 05. 07. 2018 को आई. पी. सी. की धारा 420, 120- बी और जी. एस. टी एक्ट 2017 की धारा 132(1) के अंतर्गत थाना मंडी गोबिन्दढ़, ज़िला फतेहगढ़ साहिब में दर्ज किया हुआ है जिसकी अब पड़ताल विजीलैंस ब्यूरो के उड़न दस्ता- 1 पंजाब मोहाली के हवाले है। दोषियों ने सरकार को करीब 25 करोड़ रुपए का वित्तीय नुकसान पहुँचाया है। दोषी सेमी धीमान काफ़ी लंबे समय से फ़रार था, जिसको इंस्पेक्टर सुखजिन्दर सिंह विजीलैंस ब्यूरो, उड़न दस्ता- 1 पंजाब, मोहाली द्वारा गिरफ़्तार किया गया है। दोषी को अदालत में पेश करके दो दिन का रिमांड हासिल किया गया।

# गन्ना काश्तकारों के बकाए 31 मार्च तक अदा किये जाएंगे : गुरमीत सिंह खुड्डियां



**• जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब के कृषि और किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि दोआबा क्षेत्र के गन्ना काश्तकारों के गोल्डन संधर मिल्लज़ लिमटिड, फगवाड़ा की तरफ खड़े बकाया लगभग 41 करोड़ रुपए की अदायगी 31 मार्च, 2024 तक करवा दी जायेगी। कृषि मंत्री और विशेष मुख्य सचिव कृषि के. ए. पी. सिन्हा की तरफ से आज यहाँ पंजाब सिवल सचिवालय- 1 में बीकेयू (दोआबा) के प्रधान मनजीत सिंह राय और बीकेयू (लक्खोवाल) के प्रधान हरिन्दर सिंह के नेतृत्व में आए गन्ना काश्तकारों के साथ मीटिंग की गई। इस मीटिंग में इंस्पेक्टर जनरल आफ पुलिस (आईजी) इंटेलिजेंस जसकरन सिंह भी उपस्थित थे।

गुरमीत सिंह खुड्डियां ने डिप्टी कमिश्नर कपूरथला श्री करनैल सिंह को हिदायत की कि मौजूदा मिल मालिक की तरफ से किसानों को 9.72 करोड़ रुपए की अदायगी यकीनी बनाई जाये और इस साल गन्ने की पिड़ाई का सीजन शुरू होने से पहले लगभग 2 करोड़ रुपए की पहली किश्त अदा करवाई जाये।

उन्होंने डिप्टी कमिश्नर को 31 मार्च, 2024 तक गन्ना काश्तकारों की बाकी बचती सारी राशि की अदायगी के लिए गोल्डन संधर मिल के डिफाल्टर मालिकों की जायदादें ज़ब्त करने की प्रक्रिया में तेज़ी लाने के लिए भी कहा। उन्होंने पिछले कुछ दिनों से प्रदर्शनों के उपरांत सील की मिल को तुरंत खोलने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए जिससे अपेक्षित मुरम्मत करवा कर इस साल पिड़ाई सीजन से पहले इस मिल को कार्यशील किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी को भी किसानों के हितों को नुकसान पहुंचाने की इजाज़त नहीं दी जायेगी।

# मान सरकार करवाएगी अंतरराष्ट्रीय पंजाबी भाषा ओलम्पियाड : हरजोत सिंह बैंस

### आनलाइन विधि के द्वारा करवाया जायेगा 9 और 10 दिसंबर 2023 को ओलम्पियाड

**• जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय पंजाबी भाषा ओलम्पियाड करवाने का फ़ैसला किया गया है।



यह जानकारी पंजाब के स्कूल शिक्षा और भाषा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि दक्षिणी एशियाई क्षेत्र में पंजाब एक प्रभावशाली सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और राजनैतिक क्षेत्र है। जिसके रहन-सहन, खान-पीन, भंगड़ा और संगीत को दुनिया भर में सराहा जाता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सिख धर्म, बुद्ध पंथ और सूफ़ीवाद ने शुरुआत की और बाद में पूरी दुनिया में फैल गया। भाषा मंत्री ने बताया कि पंजाबी लोग रोज़गार के बेहतर मौकों की तलाश में अलग- अलग मुल्कों में बस गए हैं और अब उनकी भावी पीढ़ियां पंजाबी भाषा से पूरी तरह अवगत नहीं हैं, जिसको देखते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने अंतरराष्ट्रीय पंजाबी भाषा ओलम्पियाड करवाने का फ़ैसला किया जिससे बच्चों को पंजाबी भाषा सीखने के प्रति उत्साहित किया जा सके।

बैंस ने बताया कि यह ओलम्पियाड 9 और 10 दिसंबर, 2023 को आनलाइन विधि के द्वारा करवाया जायेगा। इसमें 40 मिनट में ऑब्जैकटिव टाईप के 50 नंबरों के 50 प्रश्न पूछे जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस ओलम्पियाड में आठवीं और नौवीं जमात में पढ़ने वाले 17 साल की उम्र तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। इसके इलावा इस ओलम्पियाड में हिन्दोस्तान, अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप और अन्य स्थानों पर बसते विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि छह टाईम ज़ोनों में 2 घंटों के लिए यह ओलम्पियाड चलेगा। इस ओलम्पियाड में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की वैबसाईट पर की जा सकती है। रजिस्ट्रेशन का कार्य आरंभ हो चुका है।

# पीजीआईएमईआर के प्रभावशाली 36वें दीक्षांत समारोह में 218 डॉक्टरों को पदक और 1775 डिग्रियां प्रदान की

### पीजीआईएमईआर दशकों से स्वास्थ्य सेवा में अपने आप में एक ब्रांड रहा हैः डॉ. भारती प्रवीण पवार

**• जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



पीजीआईएमईआर में गुरूवार को एक महत्वपूर्ण अवसर था जब 218 गौरवान्वित डॉक्टरों को उनकी विशिष्ट शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए पदक प्रदान किए गए और 1775 गौरवान्वित डॉक्टरों को पीजीआईएमईआर के भार्गव सभागार में पीजीआईएमईआर के प्रभावशाली 36वें दीक्षांत समारोह में विभिन्न चिकित्सा धाराओं में पाठ्यक्रमों के सफल समापन के लिए डिग्री प्रदान की गईं। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री, डॉ. भारती प्रवीण पवार इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं और प्रो. के.के. तलवार, पद्म भूषण पुरस्कार विजेता, पूर्व निदेशक, पीजीआईएमईआर, सम्मानित अतिथि थे। मंच पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में प्रोफेसर विवेक लाल, निदेशक पीजीआईएमईआर, प्रोफेसर एन के पांडा, डीन अकादमिक और उम्मेद माथुर रजिस्ट्रार भी शामिल थे।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने इस अवसर पर दीक्षांत भाषण प्रस्तुत करते हुए कहा, "पीजीआईएमईआर अपने कठोर शैक्षणिक पाठ्यक्रम, रोगी देखभाल के उच्च मानकों और अनुसंधान और नवाचार के लिए सक्षम वातावरण के कारण दशकों से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अपने आप में एक ब्रांड रहा है।"

पीजीआईएमईआर की सराहनीय पहलों की सराहना करते हुए मंत्री ने कहा कि अकेले पिछले वर्ष के दौरान 25 लाख से अधिक मरीजों की सेवा करने वाला पीजीआईएमईआर एक ऐसा संस्थान है जो उच्च गुणवत्ता, अटूट प्रतिबद्धता और समृद्ध अनुभव का पर्याय है। इसलिए यह माननीय प्रधान मंत्री के 'हील इन इंडिया, हील बाय इंडिया' के दृष्टिकोण में योगदान देकर देश के स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। "जिस तरह से हमारा देश कोविड-19 के चुनौतीपूर्ण समय में मौके पर पहुंचा, बिना किसी थकान के लगातार संघर्ष किया, जिससे 220 करोड़ टीकाकरण के साथ महामारी का महत्वपूर्ण और सफलतापूर्वक प्रबंधन किया और यहां तक कि 'वैक्सीन मैत्री कार्यक्रम' के तहत 100 अन्य देशों को टीके भेजने का प्रबंधन भी किया।

मंत्री ने कहा, 'यह इस बात का प्रमाण है कि देश में सभी के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले स्वास्थ्य के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए हमारे पास ईमानदारी, प्रतिबद्धता और जुनून है।

# बच्चों के साथ ट्रैवल करते समय साथ जरूर रखें ये 6 चीजें

**TRAVELING**

**ट्रिप के दौरान किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए अपने ट्रैवल बैग में इन चीजों को शामिल करना ना भूलें। इन टिप्स को अपनाकर आप अपने वेकेशन को मजेदार बना सकते हैं।**



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

बच्चे हों या बड़े घूमने का नाम सुनते ही हर कोई एक्साइटमेंट से भर जाता है। नवंबर महीने में ज्यादातर लोग घूमने का प्लान बनाते हैं।

इस लिस्ट में अगर इस बार आपके साथ बच्चे भी शामिल हैं तो अपना ट्रैवल बैग तैयार करते समय इन जरूरी चीजों को साथ रखना बिल्कुल न भूलें। ऐसा होने पर आपका ट्रिप खराब हो सकता है। ऐसे में ट्रिप के दौरान किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए अपने ट्रैवल बैग में इन चीजों को शामिल करना ना भूलें। इन टिप्स को अपनाकर आप अपने वेकेशन को मजेदार बना सकते हैं।



### पसंदीदा खिलौना

लंबी यात्रा के दौरान अक्सर छोटे बच्चे थककर ऊबने या फिर चिड़चिड़े होकर रोना शुरू कर देते हैं। ऐसे में बच्चे के हाथ में दिया गया उसका मनपसंद खिलौना उसे तुरंत शांत करवाने में आपकी मदद कर सकता है। इसलिए अपना ट्रैवल बैग तैयार करते समय उसमें बच्चे का पेवरेट खिलौना साथ रखना बिल्कुल न भूलें।

### दवा

बच्चे के साथ यात्रा करते समय अपने साथ फर्स्ट एड किट रखना बिल्कुल न भूलें। इस किट में पेट दर्द, उल्टी, लूज मोशन, बुखार और खांसी जैसी दवाओं के साथ कॉटन, डेटॉल, बैंड-एड और पट्टी रखें। ये सभी चीजें आपके ट्रिप के मजे को किरकिरा होने से बचाने में आपकी मदद कर सकती हैं।

### स्ट्रॉलर

ट्रैवलिंग के दौरान आपके बैग में रखा स्ट्रॉलर आपके बहुत काम आ सकता है। अगर आप लंबे ट्रिप पर जा रहे हैं और आपका बच्चा छोटा है तो उसके लिए एक स्ट्रॉलर अपने साथ जरूर रख लें। इस स्ट्रॉलर में आप बच्चे के साथ उसका सामान भी आसानी से रखकर बिना थके कहीं भी ले जा सकते हैं।

### फ्रूट्स और जूस

कई पेरेंट्स सिर्फ इसलिए जल्दी किसी ट्रिप पर जाने का प्लान नहीं बनाते हैं क्योंकि उनके बच्चों को बाहर का खाना आसानी से नहीं पच पाता है, उन्हें लूज मोशन या उल्टी होने लगती है। ऐसे में अगर आप एक दिन के लिए कहीं घूमने जा रहे हैं तो बच्चों की सेहत को देखते हुए पहले ही उनके लिए फ्रूट्स, जूस या घर का बना थेपला, इडली, पेपर डोसा, चीला जैसी चीजें पैक कर लें।

### क्रीम

बच्चे के साथ ट्रैवल करते समय बैग में एक अच्छा मॉइस्चराइजर,सनस्क्रीन, मच्छरों और अन्य कीड़ों से बचाने के लिए स्प्रे या लोशन साथ जरूर रख लें।

### डायपर, वाइप्स और हैंड वॉश

जितने दिन के लिए ट्रिप पर जा रहे हैं उसके अनुसार बैग में बच्चे के लिए डायपर,हैंड वॉश और वेट और ड्राई दोनों तरीके की वाइप्स रखना न भूलें। ऐसा न करने पर आपकी ट्रैवलिंग का मजा किरकिरा हो सकता है। चीजों की मौजूदगी होने पर बच्चे को कुछ भी खिलाते-पिलाते या उसे फ्रेश करवाने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

---

**FASHION+**

## पिंक साड़ी में सुंदर दिखीं जाह्नवी कपूर, इन टिप्स को अपनाकर कुंवारी लड़कियां दिखेंगी ग्लैमरस

**बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की एक्टिंग के अलावा लोग उनके फैशन स्टाइल को भी पसंद करते हैं। एक्ट्रेस अपने लुक से हर किसी का दिल जीत लेती हैं।**



तस्वीर साभार Google

जाह्नवी कपूर का फैशन सेंस काफी अच्छा है, यही वजह है कि एक्ट्रेस के हर लुक को फैंस खूब पसंद करते हैं। अदाकारा भी हर तरह के आउटफिट में अपना खास लुक शेयर करती हैं। अपने लेटेस्ट पोस्ट में उन्होंने फैंस को खुश कर दिया। इस लुक में उन्होंने एक साड़ी को पहना है जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थी।कुंवारी लड़कियां एक्ट्रेस के लुक से कुछ टिप्स ले सकती हैं और साड़ी में अपने लुक को खास बना सकती हैं।

### क्या था जाह्नवी का लुक?

जाह्नवी ने एक पिंक कलर की साड़ी को कैरी किया था। लाइट पिंक और सिल्वर बॉर्डर वाली सिल्क साड़ी में एक्ट्रेस काफी सुंदर लग रही हैं। इस साड़ी के साथ बॉर्डर की मैचिंग का ब्लाउज है। इस लुक में उन्होंने बालों को खुला रखा है और मेकअप किया है। इसके अलावा उन्होंने एक डायमंड डिजाइन वाले नेकलेस को कैरी किया।

### कुंवारी लड़कियां लें इंस्पिरेशन

- **न्यूड लिपस्टिक**- एक्ट्रेस ने अपने मेकअप को सिंपल रखा था, इसी के साथ उन्होंने न्यूड शेड की लिपस्टिक को चुना था। कुंवरी लड़कियां अपने लुक को ग्लैमरस बनाने के लिए न्यूड शेड की लिपस्टिक को चुन सकते हैं।
- **ओपन हेयर**- अगर आप चाहती हैं कि आप अपनी उम्र से कम दिखें तो हेयरस्टाइल पर जरूर ध्यान दें। अदाकारा ने अपने लुक में बालों को खुला रखा था। हालांकि, आधे बालों को उन्होंने पिन से टाई किया था।
- **नेकपीस**- उनकी साड़ी पिंक रंग की थी, जिसके साथ एक्ट्रेस ने डायमंड लुक के सेट को पहना था। इस तरह के सेट से उनका लुक एलिगेंट लग रहा था।
- **नहीं पहनी चूड़ियां**- लुक को सिंपल और ग्लैमरस रखने के लिए उन्होंने चूड़ी नहीं पहनी थीं। बस हाथों में कुछ रिंग्स को पहना था।



तस्वीर साभार Google

---

## शाम की चाय के साथ बनाएं करारे गोभी के कबाब, मिनटों में होंगे तैयार

**शाम की चाय के साथ कुछ खाने का मन कर रहा है या फिर घर में मेहमान आ गए हैं। मिनटों में तैयार कर सकते हैं गोभी और आलू के कबाब। ये काफी क्रिस्पी और फटाफट बनकर तैयार होते हैं।**




• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

शाम की चाय के साथ कुछ क्रिस्पी और चटपटा खाने का दिल कर रहा है तो फटाफट गोभी के कबाब बनाकर रेडी करें। इसे बनाना बहुत आसान है और ये कम तेल में बन जाता है। शाम को बिन बुलाए मेहमान चाय पर आ गए हैं तो उन्हें ये गोभी के कबाब बनाकर खिलाएं। उंगलियां चाटते रह जाएंगे और बार-बार खाने की फरमाईश करेंगे। तो चलिए जानें कैसे फटाफट मिनटों में बनाएं गोभी के कबाब।

### गोभी के कबाब बनाने की सामग्री

- 1 फूलगोभी
- 2-3 उबले आलू
- 2 हरी मिर्च
- आधा कप मोजरेला चीज
- नमक स्वादानुसार
- चाट मसाला एक चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर आधा चम्मच
- जीरा साबुत
- तेल

### गोभी के कबाब बनाने की रेसिपी

- सबसे पहले आलूओं को उबालकर छील लें।
- गोभी को कद्दूकस की मदद से घिस लें।
- घिसने के बाद इसे किसी बड़े प्लेट में फैलाएं। जिससे गोभी में मॉइश्चर इकट्ठा ना हों।
- अब इस घिसी गोभी में जीरा, बारीक कटा हरा मिर्च, बारीक कटी हरी धनिया डालें।
- साथ में चाट मसाला, नमक और लाल मिर्च डालकर मिक्स करें।
- उबले आलू को मैश करें और गोभी के मिक्सचर में मिला दें।
- साथ में मोजरेला चीज डालें।
- अच्छी तरह से मिक्स करें और गोल-गोल चपटे आकार के कबाब बनाकर रेडी कर लें।
- इन कबाब को किसी प्लेट में रख लें।
- पैन को गर्म करें और तेल डालें।
- जब तेल गर्म हो जाए तो एक साथ कई कबाब पैन पर रखें और धीमी आंच पर दोनों तरफ से सुनहरा होने तक सेंके।
- बस रेडी है टेस्टी गोभी और आलू के कबाब। इसे गर्मागर्म हरी चटनी या मीठी चटनी के साथ सर्व करें।

---

## बच्चे का माइंड शार्प बनाना है तो उन्हें इस तरह सोचना सिखाएं



**PARENTING**

बच्चे को हर फील्ड में आगे रखना है तो केवल पढ़ाई पर फोकस करने की बजाय उसे इस तरह से सोचना और समझना सिखाएं। जिससे बच्चे का माइंड शार्प बनेगा और वो चीजों को ज्यादा अच्छे से समझेगा।

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

बच्चों का पहला स्कूल घर होता है। जहां से वो चीजों को सीखना शुरू करता है। फिर वो चाहे पढ़ाई-लिखाई हो या फिर मैनर। बच्चे में ग्रोथ केवल स्कूल के सेलेबस से नहीं हो सकती। इसके लिए उसे सही तरीके से सोचना सिखाना जरूरी है। अगर आपके बच्चे का माइंड शार्प नही है और वो चीजों को देर से सीखता-समझता है। तो उसके अंदर सोचने के लिए इन चीजों को डेवलप करें। ये तरीके बच्चे के माइंड को शार्प बनाएंगी और वो चीजों को ज्यादा अच्छे तरीके से समझेगा।

### बच्चे को सवाल पूछने के लिए प्रेरित करें

बच्चे के माइंड को बचपन से ही शार्प बनाना चाहते हैं तो उन्हें पढ़ते वक्त सवाल पूछने के लिए प्रेरित करें। इससे बच्चों को चीजों को गहराई से समझने की इच्छा पैदा होगी और वो ज्यादा से ज्यादा उस बारे में सोचेंगे। बच्चों के सवाल पूछने की आदत बड़े होने पर भी उनकी ग्रोथ और समझ को और अच्छे से डेवलप करेगी।

### बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान जरूर दें

बच्चे के माइंड को शार्प बनाना है तो उन्हें व्यवहारिक ज्ञान जरूर दें। आसपास की चीजों और घटनाओं के बारे में बताएं और जागरुक करें। बड़े होते बच्चों को इस तरह का ज्ञान देने से वो सोशल होते हैं और हर टॉपिक पर गहराई से सोचते हैं। जिससे उनकी सोशल स्किल भी डेवलप होती है और वो माइंड भी शार्प होता है।

### बच्चों को ग्रुप में पढ़ाएं

बच्चों के माइंड को शार्प बनाना है तो उन्हें ग्रुप में पढ़ाएं, सिखाएं और वर्क पूरा करने के लिए कहें। इससे बच्चे को कॉम्पिटिशन महसूस होगा और वो ज्यादा अच्छे से अपने काम और प्रोजेक्ट को पूरा करेंगे। साथ में सीखने से बच्चों का माइंड शार्प होता है।

### बच्चों के स्टडी में नंबर्स के साथ सीखने पर फोकस करें

बच्चे को शार्प माइंड और भविष्य में सक्सेजफुल बनाना है तो क्लास में उसके नंबरों से ज्यादा सीखने पर फोकस करें। बच्चे ने कितना सीखा और समझा इस बात पर फोकस करें। इससे बच्चे का माइंड शार्प होगा और वो चीजों को ज्यादा गहराई से सीखेगा और समझेगा।

---

**सर्दी-जुकाम और बीमारियों से बचकर रहना है तो....**

## डाइट में इस तरह शामिल कर सकते हैं आंवला

**HEALTH**

**बदलते मौसम में डाइट में आंवला को शामिल करना बेहद फायदेमंद है। ये ना केवल शरीर को बीमारियों से बचाता है बल्कि इम्यूनिटी को स्ट्रांग बना देता है। बल्कि आंखों की सेहत के लिए भी जरूरी है।**



• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

मौसम बदल रहा है और ठंड ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। साथ ही घरों में लोग सर्दी-जुकाम, खांसी से परेशान हैं। वहीं अस्थमा के मरीजों के लिए बदलता मौसम काफी मुश्किल भरा होता है और उन्हें सांस लेने में दिक्कत और अस्थमा अटैक की समस्या हो सकती है। ऐसे में एक फल है जो इम्यूनिटी से जुड़ी दिक्कतों को खत्म करेगा। वो है आंवला, सर्दियों के आने के साथ ही मार्केट में आंवला आसानी से मिलना शुरू हो जाता है। जिसे आप आसानी से अपनी डाइट में शामिल करके हेल्दी रह सकते हैं।

### बेहद फायदेमंद है आंवला

आंवला के आयुर्वेद में जबरदस्त औषधि में गिना जाता है। जो केवल हेल्थ ही नहीं बल्कि ब्यूटी को भी बढ़ाता है। इसे खाने से इम्यूनिटी बूस्ट होने के साथ ही बाल और स्किन की सेहत भी सुधरती है। बाल अगर समय से पहले सफेद हो रहें या फिर बालों का झड़ना नहीं रुक रहा और रूखे-बेजान से हैं तो आंवला डाइट में लेने से इन सारी समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है।

### होते हैं इतने सारे न्यूट्रिशन

आंवले की 100 ग्राम मात्रा में 600-700 मिली विटामिन सी मिलता है। विटामिन सी की सबसे ज्यादा मात्रा आंवले में ही पाई जाती है। इसके अलावा इसमे एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं। वहीं विटामिन ए, के, बी, कैल्शियम, ऑयरन, पोटैशियम, मैग्नीशियम, भी इसमे मौजूद होते हैं।

### आंवला खाने के फायदे

इम्यूनिटी बढ़ाता है आंवला। विटामिन सी का रिच सोर्स होने की वजह से ये सेल्स को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से प्रोटेक्ट करते हैं। और इम्यून सेल फंक्शन को बढ़ाते हैं। जिसकी वजह से इंफेक्शन और बार-बार बीमार पड़ने से बचा जा सकता है।

### डायबिटीज करता है कंट्रोल

आंवला में सॉल्यूएबल फाइबर होता है जो शरीर में शुगर की मात्रा को अब्जॉर्ब होने से बचाता है। जिसकी वजह से ब्लड शुगर लेवल स्थिर रहता है और बढ़ता-घटता नही है।

### डाइजेशन दुरुस्त रहता है

आंवला खाने से पाचन क्रिया सही चलती है। इसमे मौजूद फाइबर की मात्रा बाउल मूवमेंट को सही करती है। जिससे डाइजेशन ठीक से होता है। वहीं विटामिन सी ज्यादा होने की वजह से शरीर में सारे जरूरी न्यूट्रिशन को सोखने में मदद करता है।

### आंखों की रोशनी तेज करने में मदद

आंवला मेमोरी बूस्ट करने में मदद करता है और ब्रेन फंक्शन को सही करता है। आंवले का जूस पीने से लिवर फंक्शन सही होता है।

### कैसे करें डाइट में शामिल

आयुर्वेद एक्सपर्ट बताते हैं कि सर्दियों में आंवले को डाइट में लेने के लिए आंवले को शहद में मिक्स करके खाएं। इससे शरीर की इम्यूनिटी बढ़ेगी और सर्दी-जुकाम से छुटकारा मिलेगा। साथ ही बाल मजबूत होंगे और स्किन में विटामिन सी की वजह से इलास्टिसिटी बढ़ेगी। जो स्किन को ग्लोइंग बनाएगी। रोजाना सुबह खाली पेट आंवले का जूस निकालकर पीना भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे बालों और स्किन की खूबसूरती बढ़ती है।

*नोट : इस खबर में बताए गए सुझाव सामान्य जानकारी पर आधारित हैं। इसलिए किसी भी उपचार/दवा/डाइट को अमल करने से पहले डाक्टर या संबंधित एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।*

# छात्रों की निर्णय क्षमता बढ़ा कर उन्हें राष्ट्र निर्माण से जोड़ रहा सांसद भारत दर्शन : अनुराग ठाकुर







**• जालंधर ब्रीज .** गुजरात

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर की अनूठी पहल, सांसद भारत दर्शन योजना के दूसरे संस्करण में 21 छात्रों व दो अध्यापकों का दल गुजरात भ्रमण पर है। यात्रा के पांचवें दिन हमीरपुर के होनहार गुजरात के गांधीनगर में है। आज उन्होंने अहमदाबाद स्थित राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी, गांधीनगर स्थित नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी, गुजरात पुलिस अकादमी और सुप्रसिद्ध साबरमती रिवर फ्रंट का अवलोकन किया।

सांसद भारत दर्शन की इस यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने बताया, "मेरे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के 21 छात्र और एक से श्रेष्ठ कार्यक्रम के दो अध्यापक सांसद भारत दर्शन कार्यक्रम के तहत गुजरात भ्रमण पर हैं। यात्रा के पांचवें दिन हमारे मेधावी छात्रों का दल सर्वप्रथम राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी गया जहां उन्होंने देश की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं को जाना और इससे जुड़े करियर संभावनाओं से भी परिचित हुए। इसके पश्चात छात्रों को नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी ले जाया गया जहां उन्हें फॉरेंसिक साइंस से जुड़ी विधाओं के बारे में बताया गया।"

ठाकुर ने आगे कहा, "छोटे शहरों और राज्यों में इन क्षेत्रों और उनसे जुड़ी अपार संभावनाओं के बारे में जानकारी कम ही देखने को मिलती है। सांसद भारत दर्शन के माध्यम से हम अपने क्षेत्र के मेधावी युवाओं को सभी तरह की इनफार्मेशन से अवगत करा रहे हैं ताकि उनके पोटेंशियल का पूरी तरह से उपयोग हो।"

ठाकुर ने आगे जानकारी देते हुए बताया की दोपहर में छात्रों का दल गुजरात पुलिस अकादमी गया जहां उन्हें गुजरात पुलिस के नव नियुक्त, ट्रेनिंग पा रहे अफसरों व जवानों से मिलने का मौका मिला और उनके ट्रेंनिंग माड्यूल को भी जानने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ। इसके पश्चात संध्या के प्रहर छात्रों को सुप्रसिद्ध साबरमती रिवर फ्रंट ले जाया गया जहां उन्होंने ढेर सारी मस्ती की और पास के मार्केट में खरीददारी भी की।" इस अनूठी यात्रा पर प्रतिक्रिया देते हुए छात्रों ने बताया कि गुजरात में बिताए चार दिन से उनके व्यक्तित्व में बेहद सकारात्मक बदलाव आए हैं और उनका क्षमता निर्माण भी हुआ है। सभी छात्रों ने एक स्वर में अपने सांसद, केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को इस बेहतरीन अवसर हेतु धन्यवाद दिया।

# पंजाब राजभवन ने मनाया जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का राज्य स्थापना दिवस





**• जालंधर ब्रीज .** चंडीगढ़

''एक भारत, श्रेष्ठ भारत'' की थीम के तहत राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करते हुए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का स्थापना दिवस पंजाब राजभवन में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

इस समारोह का आयोजन पंजाब राजभवन और चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, पंजाब के राज्यपाल और केंद्रशासित प्रदेश, चंडीगढ़ के प्रशासक श्री बनवारी लाल पुरोहित ने इन क्षेत्रों की अनूठी संस्कृतियों और परंपराओं की प्रशंसा करते हुए इस महत्वपूर्ण उत्सव की मेजबानी करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने देश के विविधता से भरे सांस्कृतिक तानेबाने को पहचानने और इसका जश्न मनाने की आवश्यकता पर जोर दिया जो भारत को वास्तव में असाधारण बनाता है। उन्होंने आगे कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम जिसके तहत विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्थापना दिवस मनाए जाते हैं, का उद्‌देश्य देश के लोगों के बीच एक मजबूत बंधन और संबंध स्थापित करना है।

यह आपसी मेलजोल और सामंजस्य को बढ़ावा देता है और 'वन नेशन-वन पीपल' के बंधन को मजबूत करता है।

इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी से एकजुट होकर एक नए और मजबूत राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लेने की भी अपील की।

समारोह की शुरुआत एक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुई, जिसमें मंत्रमुग्ध कर देने वाले मधुर लद्‌दाखी लोक संगीत और जाब्रो जैसे लोक नृत्य की प्रस्तुतियों के माध्यम से लद्‌दाख की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में भारत के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल श्री सत्यपाल जैन, प्रशासक यूटी चंडीगढ़ के सलाहकार श्री धर्मपाल, डीजीपी यूटी चंडीगढ़ श्री प्रवीर रंजन और पूर्व डीजीपी पंजाब श्री पी.सी. डोगरा शामिल थे।

# दिल्ली में हिमाचल के 600 से ज़्यादा युवाओं का अनुराग ठाकुर के घर रात्रिभोज





**• जालंधर ब्रीज .** नई दिल्ली

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों से मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलशों में मिट्टी लेकर आए 650 सौ से ज्यादा युवाओं को अपने दिल्ली स्थित आवास पर रात्रि भोज हेतु आमंत्रित किया जहां पारंपरिक हिमाचली संस्कृति की झलक तो दिखी ही साथ ही युवाओं के लोकगीतों व नृत्य ने भी मन मोह लिया। कार्यक्रम में कार्यक्रम में शिमला से सांसद सुरेश कश्यप की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ठाकुर ने बताया, "हिमाचल जैसे छोटे राज्य जिसकी आबादी मात्र 72 लाख है वहां से आजादी के अमृत महोत्सव के समापन समारोह यानी मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम में शामिल होने 650 लोगों का आना बताता है कि हिमाचली जन्म से ही देशभक्त होते हैं।"

ठाकुर ने आगे कहा, "यह सभी भाई बहन हिमाचल के सभी जिलों से वहां की मिट्टी नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बनने वाले अमृत उद्यान हेतु लाए थे। यह वही लोग हैं जिन्होंने हिमाचल में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को बेहद सफल बनाया। ऐसे में मेरा बड़ा मन था की इनसे विस्तारपूर्वक मिलूं और विचार साझा करूं।

रात्रि भोज के दौरान केंद्रीय मंत्री सहित सभी युवा बेहद खुश दिखे और हिमाचली रीति रिवाज से एक दूसरे का आदर सम्मान भी किया। सभी ने एक साथ खाना खाया और उसके पश्चात हिमाचली सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी हिस्सा बनें।

# पीएम मोदी ने किया देश के युवाओं के लिए 'मेरा युवा भारत' प्लेटफॉर्म का शुभारंभ

*प्रधानमंत्री मोदी जी ने आज़ादी के अमृत महोत्सव के वर्ष के दौरान 2 लाख से अधिक कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना जागृत कर इन संकल्पों के माध्यम से उस चेतना को चैनलाइज़ कर महान भारत की रचना का संकल्प हमारे सामने रखा है*

**• जालंधर ब्रीज .** नई दिल्ली




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर मेरी माटी मेरा देश अभियान की अमृत कलश यात्रा के समापन कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के हर भाग से एकत्र की गई मिट्टी से विकसित अमृत वाटिका और अमृत महोत्सव स्मारक का शिलान्यास भी किया। इस कार्यक्रम के साथ ही आजादी का अमृत महोत्सव का समापन भी हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के युवाओं के लिए 'मेरा युवा भारत' प्लेटफॉर्म का शुभारंभ भी किया। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह भी मेरी माटी, मेरा देश अभियान के समापन समारोह में शामिल हुए। अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि आज लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती है और आज ही के दिन देश के 7500 स्थानों से पवित्र मिट्टी एकत्रित होकर यहां पहुंची है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस कल्पना को दो बड़े कार्यक्रमों के साथ जोड़ा है। आज़ादी के अमृत महोत्सव के 2 लाख कार्यक्रमों के समापन के साथ ही अमृत काल की शुरूआत हो रही है। आज़ादी के अमृत महोत्सव से लेकर आज़ादी की शताब्दी तक के ये 25 वर्ष देश को महान, दुनिया में हर क्षेत्र में सर्वप्रथम और समृद्ध और सुरक्षित बनाने का संकल्प लेने और उस संकल्प को सिद्ध करने का समय है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने आज़ादी के अमृत महोत्सव के वर्ष के दौरान 2 लाख से अधिक कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना जागृत की है और इन संकल्पों के माध्यम से उस चेतना को चैनलाइज़ कर महान भारत की रचना का संकल्प हमारे सामने रखा है। उन्होंने कहा कि आज यहां देशभर से आई मिट्टी एक अमृत वाटिका में परिवर्तित होगी और ये अमृत वाटिका, हमें महान भारत की रचना करने की प्रेरणा देती रहेगी।

# जब विकास एक जन-आंदोलन बन गया: राष्ट्रीय एकता दिवस का सार

**• जालंधर ब्रीज .** नई दिल्ली

"यह देश प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की ऐसी आधारशिला पर बना है, जहां वैदिक काल में हमें केवल एक ही मंत्र बताया जाता था... जिसे हमने सीखा है, जिसे हमने याद किया है – "संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्" – हम साथ चलते हैं, हम साथ आगे बढ़ते हैं, हम साथ मिलकर सोचते हैं, हम मिलकर संकल्प लेते हैं और हम साथ मिलकर इस देश को आगे ले जाते हैं – श्री नरेन्द्र मोदी" 2014 में, लाल किले की प्राचीर से, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक ऐसे भारत के लिए अपना विज़न अर्थपूर्ण तरीके से सामने रखा, जहां विकास सिर्फ एक एजेंडा नहीं था, बल्कि प्रत्येक भारतीय का साझा लक्ष्य था।

उन्होंने एक ऐसे भविष्य का संकेत दिया, जहां जनभागीदारी, हमारे सबसे मजबूत हथियार के रूप में और विश्व गुरू के रूप में सत्ता के शिखर पर हमारे दावे के रूप में उभरेगी। इसी वर्ष, माननीय प्रधानमंत्री ने कैलेंडर पर एक महत्वपूर्ण तिथि अंकित की 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में 31 अक्टूबर, जो भारत के "लौह पुरुष" सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत के प्रति एक श्रद्धांजलि है। हालांकि, इसका मतलब सिर्फ एक तारीख से कहीं अधिक है; इसने सरदार पटेल द्वारा परिकल्पना किए गए एकता और अखंडता के सार को फिर से जागृत करने की पवित्र प्रतिबद्धता को मूर्त रूप दिया। यह उनके दिखाए रास्ते पर चलने का एक वादा था तथा एकजुटता और सामूहिक प्रयासों के शाश्वत मूल्यों पर आगे बढ़ने की प्रतिज्ञा थी। एक दशक बाद, जब हम राष्ट्रीय एकता दिवस मना रहे हैं, यह भारत द्वारा एकता के स्थायी सिद्धांतों और सहयोग की मजबूत ताकत द्वारा प्रकाशित पथ पर की गई उल्लेखनीय यात्रा को पुनर्जीवित करने का सही समय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोक-केंद्रित शासन के लोकाचार के तहत, भारत विश्व का एक अग्रणी देश बन गया है और यह दुनिया की "पांच कमजोर" अर्थव्यवस्थाओं से शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है। 2023 में 3.75 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ, हमारा देश 2004-2014 के "खोए हुए दशक" से उबरते हुए अब तेजी से चमक रहा है। यह जानना दिलचस्प है कि माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, वार्षिक वित्तीय बजट मात्र एक वित्तीय रूपरेखा से परिवर्तित होकर एक गतिशील नीति दस्तावेज़ बन गया है, जो लोगों की आकांक्षाओं पर आधारित है। "आम लोगों का बजट" नागरिकों को अपने वित्तीय निर्णयों के लिए सरकार को जवाबदेह बनाने, बजट प्रगति की निगरानी में सक्रिय भागीदारी निभाने और कुशल संसाधन उपयोग को सुनिश्चित करने में सक्षम बनाता है। हमारी उल्लेखनीय वृद्धि ने राष्ट्रीय गौरव, नवीनीकृत गरिमा और साझा स्वामित्व की भावना को जागृत किया है। लोगों ने अभूतपूर्व पहलों के माध्यम से व्यापक विकास को गति दी है: 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत लगभग 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं तथा खुले में शौच की प्रथा की समाप्ति हुई है; 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत लड़कियों के अधिकारों को प्रोत्साहन दिया गया है; और 'गिव इट अप' अभियान के अंतर्गत एक करोड़ से अधिक परिवारों ने कम विशेषाधिकार प्राप्त लोगों का समर्थन करने के लिए स्वेच्छा से एलपीजी सब्सिडी छोड़ दी है। उक्त सभी 'जनभागीदारी' और 'राष्ट्रीय एकता' के कुछ शानदार उदाहरण हैं। 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' ने



**जी. किशन रेड्डी**
(केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास तथा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री)

हमारी भारतीयता को पुनर्जीवित किया, जिससे एक राष्ट्रव्यापी लोकप्रिय भागीदारी-केन्द्रित अभियान की शुरुआत हुई। हमने अपने एमएसएमई को बढ़ावा दिया, युवा उद्यमिता को प्रेरित किया और भारत के अद्वितीय कौशल और प्रचुर संसाधनों का लाभ उठाया। इस दर्शन ने 2014 के बाद से इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण में 300 प्रतिशत की वृद्धि के साथ भारत को एक शुद्ध आयातक से एक प्रमुख वैश्विक मोबाइल फोन निर्माता के रूप में स्थापित किया है। भारत के पास अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम भी है, जिसके तहत पेटेंट आवेदनों की संख्या में तेज वृद्धि दर्ज की गई है और वित्त वर्ष 2022-23 में 448 बिलियन डॉलर के मूल्य का रिकॉर्ड माल निर्यात हुआ है। 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम डिजिटल क्रांति का प्रतिनिधित्व करता है, जो 'कैशलेस' अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ने का एक अभियान है। यह कार्यक्रम आम नागरिकों के साथ सरकार की सहयोग आधारित साझेदारी को रेखांकित करता है तथा डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देता है। फिनटेक को अपनाने की 87 प्रतिशत की दर के साथ भारत आज दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल बाजारों में से एक है, जो दुनिया के औसत 64 प्रतिशत से बहुत अधिक है। 2014 के बाद से, भ्रष्टाचार विरोधी अभियान एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में उभरा है। 2015 से 2022 तक, जेएएम (जन धन, आधार और मोबाइल फोन) के माध्यम से 2.73 लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि अंतरित की गई, जिससे नकली लाभार्थी उजागर हुए और वितरण प्रणाली में लिकेज को रोका गया, जो 2014 से पहले बड़े पैमाने पर मौजूद थे। कोविड-19 महामारी के दौरान, भारत की एकजुटता और जनभागीदारी एक बार फिर उजागर हुई। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता ने देश को निवारक उपायों को तेजी से लागू करने के लिए प्रेरित किया। सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कोविड योद्धा उभरकर सामने आए और महामारी का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद, वैक्सीन के तेजी से हुए टीकाकरण ने एक सशक्त भारत का प्रदर्शन किया, जो आत्मरक्षा में सक्षम है और विश्व को समर्थन भी प्रदान कर रहा है। भारत की जी-20 अध्यक्षता ने, अपने एक करोड़ से अधिक नागरिकों के समर्थन से आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से, "राष्ट्रीय एकता" का प्रदर्शन किया। शिखर सम्मेलन ने वैश्विक शासन को फिर से स्वरूप प्रदान करने तथा "लोगों की जी-20" में समावेश और जन-केंद्रित नेतृत्व को सुनिश्चित करने के लिए भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और "वसुधैव कुटुंबकम" की पुष्टि की। "राष्ट्रीय एकता दिवस" केवल एक स्मरणोत्सव नहीं है; यह लोगों को सशक्त बनाने और पुरानी प्रथाओं से मुक्ति दिलाने वाला एक गहन दर्शन है। यह व्यावहारिक लोकतंत्र है, जो मां भारती के विशाल भू-सांस्कृतिक-राजनीतिक परिदृश्य के भव्य एकीकरण से संबंधित सरदार पटेल के दृष्टिकोण के अनुरूप है। प्रत्येक आवाज को शासन में एकीकृत करने से जुड़ा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आह्वान इसी भावना को दर्शाता है। यह राष्ट्रीय गौरव और एक विविध राष्ट्र को एकजुट करने से संबंधित है, जो सरदार पटेल के अखंड भारत के सपने को प्रतिबिंबित करता है। प्रत्येक नागरिक की भागीदारी हमारे भाग्य को आकार देती है तथा समावेश, विविधता और सामूहिक शक्ति का पोषण करती है। इस राष्ट्रीय एकता दिवस पर, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में, आइए हम अपने आप को सशक्तिकरण के दर्शन के लिए फिर से समर्पित करें, हक/अधिकार का परित्याग करें, जो वास्तव में सच्चे लोकतंत्र का आधार बन गया है और जो हमें अमृत काल के आशा से भरे युग में प्रवेश के लिए मार्गदर्शन कर रहा है।

# पंजाब सरकार ने 14 रेवेन्यू ऑफिसर को बनाया पीसीएस जालंधर निवासी आदित्य गुप्ता का नाम भी शामिल

**• जालंधर ब्रीज.** जालंधर

पंजाब सरकार ने हाल ही में 14 रेवेन्यू अफसरों को पदोन्नत कर पीसीएस अधिकारी बनाया है जिसमें एक नाम जालंधर निवासी आदित्य गुप्ता का भी है। आदित्य गुप्ता का संबंध भी अफसर परिवार से है। इनके पिता राजन गुप्ता आईपीएस अधिकारी थे। जोकि पंजाब केडर के थे और पंजाब में डीजीपी भी रह चुके हैं और इसके बाद दिल्ली की केंद्र सरकार में बतौर डीजीपी डेपुटेशन पर भी गए और वे वही से सेवानिवृत हुए।



आदित्य गुप्ता मौजूदा समय में डिप्टी डायरेक्टर लैंड रिकॉर्ड जिसका कार्यालय स्पोर्ट्स कॉलेज के साथ था वहां अपनी सेवाएं तनदेही से निभा रहे थे।

आदित्य गुप्ता को एक तेज तर्रार अफसरों और काम को डिसिप्लिन्ड तरीके से करने वालों में जाना जाता है। इससे पहले वह बतौर तहसीलदार 2 और डिविजनल कमिश्नर दफ्तर में तहसीलदार ऑन स्पेशल ड्यूटी के तहत भी जालंधर में सेवाएं निभा चुके है।

आदित्य गुप्ता का जालंधर के साथ रिश्ता काफी पुराना है क्योंकि जालंधर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में ही इन्होंने +2 तक की शिक्षा हासिल की। इनके पीसीएस अधिकारी बनने पर जालंधर को काफी लाभ मिलेगा। क्योंकि जालंधर में इनकी काफी पकड़ है और शहर के मुश्किलों के बारे में वे बखूबी जानते हैं।

# गुरसिमरन सिंह ढिल्लों बने जालंधर के एसडीएम-1

**• जालंधर ब्रीज.** जालंधर

पंजाब सरकार द्वारा पिछले दिनों किए गए तबादलों में गुरसिमरन सिंह ढिल्लों को बतौर एसडीएम 1 चार्ज सौंपा है। उन्होंने कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले इन्होंने अपनी सेवाएं लुधियाना, पठानकोट और डेरा बाबा नानक जी में बहुत ईमानदारी से निभाई हैं।



इनके पिता सरदार कुलविंदर सिंह ढिल्लों ने स्थानक सरकार के अलग-अलग नगर-निगमों में बहुत ही बढ़िया ढंग से सेवा की और जालंधर नगर-निगम में भी अपने अलग-अलग तजुर्बे के साथ अनेकों सुधार किए। अब वे सेवामुक्त हो चुके हैं।

सेवामुक्त होने के बाद भी सरदार कुलविंदर सिंह ढिल्लों सामाजिक सेवा करते रहते हैं। पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए बेटे गुरसिमरन सिंह ढिल्लों ने भी अलग-अलग विभागों में बेहतरीन ढंग से काम किया। अब मौजूदा सरकार ने इनको एसडीएम 1 लगाकर जालंधर शहर की नुहार बदलने की जिम्मादारी सौंपी है।

# राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 2.0 शुरू

**• जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के जीवन को आसान बनाने के लिए पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) यानी जीवन प्रमाण को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रहा है। डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए डीएलसी/फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के उपयोग के बारे में केंद्र सरकार के सभी पेंशनभोगियों के साथ-साथ पेंशन वितरण प्राधिकरणों के अधिकारियों और कर्मचारियों को जानकारी देने के लिए पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने नवंबर 2022 को देश के 37 शहरों में एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया। यह अभियान बेहद सफल साबित हुआ और इस दौरान केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के 35 लाख से अधिक डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र



जारी किए गए। विभाग अब देश के 100 शहरों में 500 स्थानों पर 1 से 30 नवंबर, 2023 तक 17 पेंशन वितरण बैंकों, मंत्रालयों/विभागों, पेंशनभोगी कल्याण संघों, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा यूआईडीएआई के सहयोग से 50 लाख पेंशनभोगियों को लक्ष्य बनाकर एक राष्ट्रव्यापी अभियान चला रहा है।

# मान-केजरीवाल ने सिंगरौली में किया रोड शो

## आप सबसे तेजी से बढ़ती राजनीतिक पार्टी, बीजेपी हमें रोकना चाहती है : भगवंत मान

**• जालंधर ब्रीज.** मध्य प्रदेश/चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी(आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में रोड शो किया और मध्य प्रदेश के आगामी विधान सभा चुनावों के लिए वहां आप उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे।

रोड शो में सभा को संबोधित करते हुए भगवंत मान ने मध्य प्रदेश के लोगों से राज्य में आम आदमी पार्टी की ईमानदार सरकार चुनने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब की तरह यहां भी आप की सरकार बनाएं, आपको मुफ्त बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। मान ने कहा कि आज पंजाब के 90 प्रतिशत घरों में बिजली का बिल शून्य आता है। मध्य प्रदेश में कोयला और बिजली संयंत्र हैं लेकिन फिर भी यहां के लोगों को बिजली नहीं मिल रही है



लेकिन राज्य में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद यह बदल जाएगा।

मान ने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी आज देश की सबसे तेजी से बढ़ती और सबसे लोकप्रिय राजनीतिक पार्टी है। इससे विपक्षी दल घबरा गए हैं, इसलिए वे अरविंद केजरीवाल को रोकना चाहते हैं। वे हमें रोकना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि हम जनता के कल्याण के लिए काम करना बंद कर दें, लेकिन वे हमें रोक नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल एक सोच हैं, एक क्रांति हैं, वे उन्हें रोक नहीं पाएंगे।

मान ने कहा कि उन्होंने संजय सिंह को इसलिए गिरफ्तार किया क्योंकि उन्होंने अडानी और मोदी के खिलाफ आवाज उठाई थी। उन्होंने दिल्ली में स्वास्थ्य और शिक्षा क्रांति लाने वाले सत्येन्द्र जैन और मनीष सिसौदिया को गिरफ्तार कर लिया। यहां मध्य प्रदेश में उनकी सरकार है लेकिन उन्होंने आम जनता के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने लोगों से देश और संविधान को बचाने के लिए आम आदमी पार्टी को वोट देने का आग्रह किया।

भगवंत मान ने कहा कि भाजपा भारतीय जुमला पार्टी है। वे मुफ़्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को 'रेवड़ी' कहते हैं लेकिन लोगों को उनका '15 लाख का पापड़' नहीं मिला। मान ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि वे धर्म, नफरत और ध्रुवीकरण की राजनीति करते हैं। वे हमें बांटना चाहते हैं। लेकिन भारत 140 करोड़ लोगों का देश है। नफरत और ध्रुवीकरण की राजनीति यहां नहीं जीतेगी।

# पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

## डिप्टी कमिश्नर द्वारा अधिकारियों को अगले 10 दिनों के दौरान फील्ड विजिट में तेजी लाने के निर्देश

**• जालंधर ब्रीज.** जालंधर

डिप्टी कमिश्नर विशेष सारंगल ने सब डिवीजन शाहकोट, फिल्लौर और नकोदर में पिछले कुछ दिनों में पराली जलाने के मामले सामने आने पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नरों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। डिप्टी कमिश्नर ने अधिकारियों को पराली जलाने के प्रति जीरो टॉलरैंस की नीति अपनाने और उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने के इलावा राजस्व रिकार्ड में रैड एंट्री करने के निर्देश दिए है।

कमिशन फार एयर क्वालिटी मैनेजमैंट की वर्चुअल क्राफेंस में भाग लेने के बाद, डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (जनरल) अमित महाजन शाहकोट, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (शहरी विकास) जसबीर सिंह फिल्लौर और अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ग्रामीण विकास) वरिंदरपाल बाजवा नकोदर में धान की पराली जलाने के मामलों की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी होंगे। उन्होंने



कहा कि अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में फील्ड विजिट तेज कर पराली जलाने की प्रवृत्ति को रोकने की जरूरत है। डिप्टी कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां क्लस्टर/नोडल अधिकारियों द्वारा पराली जलाने की पुष्टि की जाती है, वहीं वातावरण मुआवजा जुर्माना लगाने के साथ-साथ रैड एंट्री सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि धान की कटाई का 70 फीसदी सीजन पूरा हो चुका है और अधिकारियों को अब अगले 10 दिनों तक गंभीर कदम उठाने की जरूरत है ताकि पराली जलाने के मामलों में बढ़ोतरी न हो और पिछले साल की तुलना में यह 50 फीसदी से कम हो।

डिप्टी कमिश्नर ने अधिकारियों को पराली जलाने के प्रत्येक मामले का फिजीकल वैरीफीकेशन सुनिश्चित कर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जिन उप मंडल मैजिस्ट्रेटों के क्षेत्र में अधिक मामले आ रहे हैं, वे इस पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि धान की पराली जलाने पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित की जा रही है। श्री सारंगल ने कहा कि इसके अलावा कृषि, सहकारिता, ग्रामीण विकास एवं पंचायत, शिक्षा और पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जैसे विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता गतिविधियां की जा रही है। डिप्टी कमिश्नर ने किसानों से अपील की कि वे धान की पराली जलाने के रूझान को हर हाल में रोकें, क्योंकि यह पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग द्वारा धान की पराली को आग न लगाने के बारे में जागरूक करने के लिए 600 वॉल पेंटिंग करवाने के साथ 120 जागरूकता कैंप भी लगाए गए है। उन्होंने कहा कि धान की पराली किसानों के लिए फायदेमंद है और इसे किसी भी कीमत पर न जलाया जाए।

डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि अधिकारी जमीनी स्तर पर लोगों से संपर्क कर उन्हें पराली को आग न लगाने के बारे में जागरूक करे तथा कृषि में सरफेस सीडर आदि कृषि उपकरणों के प्रयोग को प्रोत्साहित करते हुए किसानों को जागरूक करे ताकि पराली को आग लगाने की घटनाओं को रोका जा सके।

# विजिलेंस ब्यूरो आई.के. गुजराल पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी में जागरूकता सेमिनार

## डीएसपी निरंजन सिंह ने भ्रष्टाचार के विरोधी उठवाई शपथ

**• जालंधर ब्रीज.** कपूरथला

राज्य में विजिलेंस ब्यूरो द्वारा मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत आज स्थानीय आईके गुजराल पंजाब तकनीकी यूनिवर्सिटी में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्रों ने भ्रष्टाचार के विरोधी शपथ ली। सैमिनार की शुरुआत करते हुए विजिलेंस ब्यूरो रेंज जालंधर के एसएसपी राजेश्वर सिद्धू ने भ्रष्टाचार को पूरी तरह से खत्म करने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि सभी के संयुक्त प्रयासों से समाज से भ्रष्टाचार को खत्म किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि विजिलेंस ब्यूरो समय-समय पर भ्रष्टाचार के विरोधी गतिविधियां संचालित कर अधिक से अधिक जागरूकता पैदा करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि लोग भ्रष्टाचार विरूद्ध विजिलैंस ब्यूरो को आवश्यक जानकारी प्रदान कर



सकते हैं ताकि इस सामाजिक बुराई की सफ़ाई सुनिश्चित की जा सके। विजिलैंस ब्यूरो के डीएसपी निरंजन सिंह ने उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को भ्रष्टाचार विरोधी शपथ दिलाते हुए कहा कि इस सप्ताह भर चलने वाले जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकारी कार्यालयों और समाज से भ्रष्टाचार को खत्म करने के सामूहिक मिशन में लोगों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि 'विजीलैंस जागरूकता सप्ताह' भ्रष्टाचार मुक्त पंजाब बनाने के लिए साझा जिम्मेदारी का प्रदर्शन करते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखते हुए निवारक उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए प्रेरणा स्रोत के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा कि विजीलैंस ब्यूरो की ऑनलाइन वेबसाइट www. vigilancebureau. punjab.gov.in, टोल फ्री नंबर 1800 1800 1000, एसएसपी विजीलैंस ब्यूरो रेंज जालंधर टेलीफोन/मोबाइल नंबर: 0181-2226349, एंटी करप्शन एक्शन लाइन नंबर 95012-00200 और डीएसपी विजीलैंस ब्यूरो यूनिट कपूरथला टेलीफोन मोबाइल पर जानकारी दी जा सकती है। मोबाइल नंबर 01822-230009, 98141-68200, ई-मेल: dspvb Unitkpt@punjab.gov.in ई-मेल: complaint2vb@punjab.gov.in पर जानकारी दी जा सकती है।

एसडीएम लाल विश्वास, रमनिंदर सिंह एसपी (डी), सतनाम सिंह डीएसपी (मुख्यालय), मनप्रीत कौर डीएसपी सब-डिवीजन, कपूरथला, पीटीयू के अधिकारी प्रोडा के गौरव भार्गव डीन स्टूडेंट वेलफेयर, प्रो. डॉ. हितेश शर्मा, डीन रिसर्च, डॉ. सरबजीत सिंह स्टेज सचिव, प्रोफेसर डॉ. रणबीर सिंह, डॉ. चंद्र प्रकाश सहायक प्रोफेसर, प्रोफेसर आसा सिंह घुम्मन और अन्य उपस्थित थे।

# पटाखों की बिक्री के लिए 57 अस्थायी लाइसेंस जारी

**वीडियोग्राफी के माध्यम से पारदर्शी तरीके से ड्रा निकाल कर जारी किए गए लाइसेंस, जिले से 782 प्रार्थना पत्र हुए थे प्राप्त**

**• जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

डिप्टी कमिश्नर होशियारपुर कोमल मित्तल ने इस वर्ष दीवाली के त्यौहार के दौरान परचून में पटाखे बेचने संबंधी ड्रा के माध्यम से जिले में 57 अस्थायी लाइसेंस जारी किए हैं। आज जिला प्रशासकीय कांप्लेक्स के मीटिंग हाल में वीडियोग्राफी के माध्यम से पूरी ड्रा प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से करवाई गई। इस दौरान अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर(सामान्य) राहुल चाबा, सहायक कमिश्नर(सामान्य) व्योम भारद्वाज भी मौजूद थे।

डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि पूरे जिले से 782 प्रार्थना पत्र सेवा केंद्रों के माध्यम से प्राप्त हुए थे और आज ड्रा के माध्यम से 57 अस्थायी लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के ड्रा निकले हैं उनके लिए अनिवार्य है कि वे जी.एस.टी संबंधी कैजूअल रजिस्ट्रेशन कराधान विभाग में करवाएं, जिसके लिए टैक्सेशनल वकीलों का पैनल उनकी सहायता के लिए मौजूद है। उन्होंने बताया कि लाइसेंस के लिए दूसरे जिलों से भी 13 आवेदन आए थे जो कि अन्य जिले के होने के कारण रद्द कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि



यह अस्थायी लाइसेंस केवल प्रशासन की ओर से निर्धारित किए गए स्थानों पर ही पटाखे बेचने के लिए जारी किए गए हैं।

कोमल मित्तल ने इस दौरान बताया कि जिले में आने वाले त्यौहारों के मद्देनर पटाखे, आतिशबाजी चलाने के लिए दिन व समय के हिसाब से शेड्यूल जारी किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए है कि इस निर्धारित समय के बाद या पहले पटाखे व आतिशबाजी चलाने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। उन्होंने बताया कि 12 नवंबर को दीवाली वाले दिन सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक, 27 नवंबर को गुरुपर्व वाले दिन सुबह 4 बजे से सुबह 5 बजे व रात 9 बजे से रात 10 बजे तक, 25 दिसंबर क्रिसमस व 31 दिसंबर(मध्य रात्री) नए वर्ष के अवसर पर रात 11:55 से रात 12:30 तक पटाखे चलाए जा सकते हैं।

# श्रीलंका को हरा सेमीफाइनल में पहुंचा भारत

## 58 रन पर आउट कर फिर से याद दिलाई एशिया कप फाइनल की हार

**मुंबई.** गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबले में भारतीय टीम की शानदार जीत हुई है। इस दौरान भारत ने श्रीलंका को 302 रनों के बड़े अंतर से परास्त कर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसके साथ ही वर्ल्ड कप 2023 में भारतीय टीम अजेय बढ़त के साथ सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। वहीं पॉइंट्स टेबल में 14 अंकों के साथ भारतीय टीम टॉप पर काबिज हो गई है जबकि रनों के लिहाज से वर्ल्ड कप इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी जीत हासिल करने वाली टीम बन गई है।




फोटो-आईसीसी

वहीं भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 357 रन का पहाड़ खड़ा किया था। जिसके जवाब में श्रीलंकाई टीम महज 19.4 ओवर में 55 रन पर ही सिमट गई। इस दौरान मोहम्मद शमी ने धमाकेदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने 5 ओवर में महज 18 रन देकर 5 विकेट चटकाए। इसके अलावा मोहम्मद सिराज ने तीन जबकि जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा ने एक-एक विकेट हासिल किया।

इस मैच में शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 92 रनों की पारी खेली। वहीं, विराट कोहली ने 88 और श्रेयस अय्यर ने 82 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से दिलशान मदुशंका ने पांच विकेट लिए। इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम सिर्फ 55 रन बना पाई। सबसे ज्यादा 14 रन कसून रजिता ने बनाए।

उनके अलावा महीश तीक्ष्णा और एंजेलो मैथ्यूज ने 12-12 रन बनाए। श्रीलंका के पांच बल्लेबाज शून्य के स्कोर पर आउट हुए। वहीं, आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाए। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने पांच विकेट लिए।

# 'मैं पंजाब बोलता हूं' बहस में अनुसूचित जाति समुदाय को नजरअंदाज करना 'आप' के लिए शर्मनाक : कैंथ

**नैशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स एलायंस पंजाब की अनुसूचित जातियों के लिए समानता की मांग**

**• जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू) के मनमोहन सिंह सभागार में 'मैं पंजाब बोलदा हा' विषय के तहत एक खुली बहस के दौरान, मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार ने सतलुज-यमुना लिंक सहित 19 विभिन्न विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, लेकिन अनुसूचित जाति समुदाय के किसी भी मुद्दे का जिक्र नहीं किया। नैशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स एलायंस ने देश में सबसे बड़ी अनुसूचित जाति आबादी वाले राज्य पंजाब में अनुसूचित जातियों की उपेक्षा के लिए आप सरकार की आलोचना की है।

इस मुद्दे पर बोलते हुए नैशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स एलायंस के अध्यक्ष परमजीत सिंह कैंथ ने कहा, "आम आदमी पार्टी सरकार ने अनुसूचित जातियों के साथ दुसरे दर्जे के नागरिकों के रूप में व्यवहार किया जा रहा है, मुख्यमंत्री के इस कदम से पता



चलता है कि राज्य में अनुसूचित जातियां को 'अदृश्य' नागरिकों को कहकर बुलाएँगे। इस राजनीतिक नौटंकी के दौरान आम आदमी पार्टी के राजनीतिक इतिहास में यह सबसे इतिहास का दुखदायी दिन है, जब के सरकार ने अनुसूचित जातीय की एक तिहाई आबादी के एक भी मुद्दे को इतना महत्वपूर्ण नहीं समझा और मंच पर चर्चा करना उचित नही समझा। कैंथ ने कहा कि इस सरकार में अनुसूचित जाति की आवाज को दबाया जा रहा है, उन्होंने अनुसूचित जाति के कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों पर उनके सामने आने वाले मुद्दों और समस्याओं को उजागर करने में विफल रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने आगे कहा, 'हम इस तथ्य से अवगत हैं कि 'आप' के भीतर कोई लोकतंत्र नहीं है। अरविंद केजरीवाल उनके निरंकुश नेता हैं जो भगवंत मान को पूरी पंजाब सरकार और उसके विधायकों कठपुतली की तरह चलाते हैं। बहस के अनुसूचित जातीय के मुद्दों को नजरअंदाज करने का सरकार का यह शर्मनाक कृत्य और खुद केजरीवाल के एससी विरोधी रुख को दर्शाता है।' कैंथ ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा अनुसूचित जाति की चिंताओं को सीधे तौर पर नजरअंदाज करने में दिखाई गई उदासीनता समुदाय के मौलिक अधिकारों को सुनिश्चित करने में एक गंभीर मुद्दा बन गई है।

नैशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स एलायंस ने इस संबंध में आम आदमी पार्टी के एससी कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों की मिलीभगत को गंभीरता से लिया है। कैंथ ने कहा, "इन विधायकों और सांसद को खुद पर शर्म आनी चाहिए।"

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.